दैनिक ट्रिब्यून
The Tribune ਪੰਜਾਬੀ ਟ੍ਰਿਬਿਊਨ

डेयरी पर छापा, भारी मात्रा में नकली घी बरामद

दैनिक ट्रिब्यून

खाद्य आपूर्ति विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने महम लाखनमाजरा रेलवे फ्लाई ओवर के पास एक डेयरी पर छापा मारा। इस दौरान ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली घी व अन्य सामान बरामद किया गया। फूड सेफ्टी अधिकारी ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि रेलवे फ्लाईओवर के पास स्थित एक डेयरी में रिफाइंड आयल, वैजिटेबल आयल, सरसों के तेल में कैमिकल युक्त सैंट मिलाकर ब्रांडेड कम्पनी का घी बनाने का काम किया जा रहा है। सूचना मिलते ही फूड सैफ्टी अधिकारी डॉ. योगेश कादयान के नेतृत्व में विभाग व पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची।

टीम को देखकर डेयरी में काम करने वाले लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गए। टीम ने डेयरी की जांच की तो वहां पर काफी मात्रा में तैयार किया गया नकली घी व ब्राडेड कम्पनी के लेबल मिले। पुलिस ने डेयरी में रखी सभी मशीन व तैयार किया गया नकली घी और अन्य सामान को अपने कब्जे में ले लिया।

Source: https://www.dainiktribuneonline.com/news/rohtak/raid-on-dairy-huge-amount-of-fake-ghee-recovered/